ईएसएल स्टील लिमिटेड को मिला एसएपी अवॉर्ड

- *सबसे इंटेलीजेन्ट उद्यमों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किए जाते हैं एसएपी अवॉर्ड्स*
- *ईएसएल ने 'रनिंग रियल टाईम लाईव एंटरप्राइज़' कैटेगरी में जीता पुरस्कार*

बोकारो, 1 दिसम्बर, 2020: वेदांता ग्रुप कंपनी और प्रमुख राष्ट्रीय स्टील निर्माता ईएसएल स्टील लिमिटेड को समूह में S/4 HANA के व्यापक रूपान्तरण के लिए 'रनिंग रियल टाईम लाईव एंटरप्राइज़ कैटेगरी' में प्रतिष्ठित एसएपी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

ईएसएल को यह पुरस्कार आधुनिक–सोच तथा अत्याधुनिक एसएपी उत्पादों एवं तकनीकें की क्षमता के उपयोग द्वारा इंटेलीजेन्ट उद्यम बनने के लिए दिया गया है, जो कारोबार में नए अवसरों को प्रोत्साहित करता है तथा दुनिया को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक आर्थिक पर्यावरणी और/ या सामाजिक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए प्रयासरत है।

इस अवसर पर पंकज मल्हान, सीईओ, ईएसएल स्टील लिमिटेड ने कहा, *''यह पुरस्कार इनोवेशन एवं अनुसंधान की दिशा में ईएसएल के सतत प्रयासों की पुष्टि करता है। इस अवसर ने ईएसएल को अपनी सफलता दर्शाने तथा इनोवेशन लीडरशिप पर रोशनी डालने का मौका दिया है। पुरस्कार से सम्मानित किया जाना अपने आप में गर्व की बात है क्योंकि ईएसएल में हम तकनीकी इनोवेशन्स के माध्यम से लोगों के जीवन पर सकात्मक प्रभाव उत्पन्न करना अपना कर्तव्य और ज़िम्मेदारी मानते हैं। यह हमारे लिए गर्व का समय है और मैं इस उपलब्धि के लिए ईएसएल की पूरी टीम को बधाई देना चाहता हूं।''*

श्री विवेक वेंकटा, कस्टमर सक्सेस एक्ज़िक्टिव, एसएपी इंडिया ने कहा, *''एसएपी अवॉर्ड्स के लिए हमने विशिष्ट मापदण्ड तय किए हैं, जिनपर ईएसएल पूरी तरह खरी उतरी है। उनकी तकनीक एवं इनोवेशन के उच्च मानक उन्हें अन्य उद्यमों की तुलना में बेहतर बनाते हैं, कंपनी निरंतर नए बेंचमार्क स्थापित करने के लिए प्रयासरत है तथा कारोबार की दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए योगदान दे रही है। सबसे योग्य कंपनी को सम्मानित करते हुए एसएपी को बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।*